an>

Title: Need to protect and conserve lions in the country.

श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान इस बात की ओर आकृष्ट करना चाहूंगा कि आज देश में शेरों की कुछ संख्या है, वह गुजरात के दक्षिणी सौराष्ट्र के सासनगीर में है। वहाँ पाँच सौ से ज्यादा शेरों की बसावट है। इस अभ्यारण्य का एरिया करीब 1412 किलोमीटर का है। उस एरिया से छह राजमार्ग और छोटी-छोटी सड़कें निकलती हैं। उन शेरों के संरक्षण के लिए गुजरात सरकार ने केन्द्र सरकार को एक प्रस्ताव भेजा था, जो करीब छह सौ करोड़ के करीब था। 276 किलोमीटर का जो रिंग रोड है, उसके लिए तुरंत केन्द्र सरकार को एक प्रस्ताव पास करना चाहिए ताकि हमारे देश में शेरों की रक्षा हो और उसका संरक्षण हो सके। इसलिए मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से कहूंगा कि गुजरात के उस अभ्यारण्य को बचाया जाए।